# सब को पछाड़ना!

# हैनरी फोर्ड की पहली रेस




मोनिका कुली

चित्र: वाज़

# सब को पछाड़ना!

# हैनरी फोर्ड की पहली रेस







हैनरी फोर्ड को गाड़ी चलाना पसंद था.

उसे नगर में गाड़ी चलाना पसंद था.

उसे देख कर लोग

बहुत उत्तेजित हो जाते थे.

“वहाँ है बावला हैनरी,
अपनी बिना घोड़ों की गाड़ी
को वह फिर चला रहा है,” लोग कहते.
औरतें फुटपाथ की ओर दौड़तीं.
आदमी कूद कर छिपने की जगह ढूँढते.
कुत्ते भौंकते.
घोड़े पिछली टाँगों पर खड़े हो जाते.
हैनरी को नगर में गाड़ी चलाना पसंद था.







हैनरी ने अपनी कार

स्वयं बनाई थी.

यह गैस से चलती थी.

इसमें ब्रेक नहीं थीं.

कार रोकने के लिए हैनरी

इंजन बंद कर देता था.

फिर वह बाहर कूद जाता था.


हैनरी कार को एक खंबे से बाँध देता था,

एक घोड़े समान ताकि वह

खिसक कर आगे न चली जाए.









हर कोई चाहता था कि
हैनरी फिर से
घोड़ा-गाड़ी चलाना शुरु कर दे.
लेकिन हैनरी को कारों से प्यार था.
उसे कार चलाना अच्छा लगता था.
और उसे कारें बनाना अच्छा लगता था.

और लोग भी कारें
बना रहे थे.
उनकी कारें बहुत महंगी थीं.
उन कारों की हमेशा मरम्मत करनी पड़ती थी.
चूंकि अधिकांश लोग कारें चलाना
नहीं जानते थे, उन्होंने कारें चलाने के लिए
ड्राइवर रखे हुए थे.






हैनरी का एक सपना था.

वह एक ऐसी कार बनाना चाहता था

जिसे हर कोई खरीद सके.

अपनी सपनों की कार बनाने के लिए

उसे पैसों की ज़रुरत थी.

वह पैसे कैसे पा सकता था?

उसने रेस में भाग लेने का निर्णय लिया.

अपने जीवन में हैनरी ने रेस में

कार कभी नहीं दौड़ाई थी.



कारों की रेस एक नया खेल था.

रेस देखने के लिए लोग सजधज

कर आते थे.

वह चिल्ला कर और तालियाँ बजा कर

सबसे तेज़ दौड़ने वाली कार को

जीत के लिए उत्साहित करते थे.






“अगर मैं रेस जीत जाऊँ,”

हैनरी ने अपनी पत्नी, क्लारा, से कहा,

“तो मैं अपनी नई कार

बना पाऊँगा.”

हैनरी और एक मेकैनिक,
जिसका नाम स्पाइडर हफ्फ था,
काम में जुट गए.
उन्होंने अपनी कार में
छब्बीस हॉर्स-पॉवर का
एक इंजन लगाया.
एक हॉर्स-पॉवर
एक घोड़े की खींचने की शक्ति
के बराबर होता है.
यह इंजन लगाने से हैनरी
की कार एक घोड़े को पछाड़
सकती थी-कुछ ही पलों में.





लोग हैनरी पर

खूब हँसे.

“तुम डेयरडैविल को

कभी नहीं हरा पाओगे!”

उन्होंने कहा.

एलैक्ज़ैंडर विनटन

को लोग डेयरडैविल बुलाते थे.

वह अमरीका का

कार रेसिंग चैंपियन था.






“मैं उसे हरा सकता हूँ,” हैनरी ने कहा.

“मेरी कार बेहतर बनी है.”

क्लारा ने सिर हिला कर हामी भरी.

वह बस एक चीज़ चाहती थी.

वह चाहती थी कि हैनरी अपनी कार

सुरक्षित ढंग से चलाए.

कारों की रेस मिशिगन राज्य में


डैट्राएट के निकट एक रेस-ट्रेक पर होती थी.

हैनरी ने दस मील की रेस में


भाग लिया. रेस का पुरस्कार था

1000 डालर. उस दिन कोई

आठ हज़ार दर्शक रेस देखने आए थे.







दस माल की रेस दिन की

अंतिम रेस थी.

उस रेस में सिर्फ हैनरी और विनटन

ही भाग ले रहे थे.

हैनरी की ओर देख कर

डेयरडैविल मुस्कराया.

उसने अपनी हैट उठा कर

हैनरी का अभिवादन किया.

हैनरी भी हैट उठा कर


उसकी ओर मुस्कराया.







“रेस के लिए तैयार हो जाओ!”
रेस शुरु करने वाले ने
ऊँची आवाज़ में कहा.
हैनरी ने स्टीयरिंग व्हील
कस कर पकड़ लिया.
“इंजन चालू करो!”
स्पाइडर ने हैंडिल घुमा कर
इंजन चालू किया.
हैनरी की कार गरजने लगी.



*बैंग!*

रेस शुरु करने वाले ने

पिस्तोल चलाई.

हैनरी और विनटन ने ट्रैक पर

अपनी-अपनी कार दौड़ा दी.


लोग तालियाँ बजाने लगे.


अधिकाँश लोग विनटन के लिए

तालियाँ बजा रहे थे.

उन्हें विश्वास था कि

वही रेस जीतेगा.





दोनों कारें साथ-साथ

दौड़ रही थीं.

आगे पहला मोड़ था.

विनटन मंजा हुआ खिलाड़ी था.

वह जानता था कि धीरे किए बिना

मोड़ पर कार कैसे

चलाई जा सकती थी.

लेकिन हैनरी नहीं जानता था.

उसे इंजन बंद करना पड़ा.

फिर उसने धीरे से

लंबा मोड़ काटा.



“बाहर लटको!”

हैनरी चिल्लाया.

स्पाइडर कार के रन्निंग बोर्ड


पर खड़ा हो गया.

वह बाहर की ओर लटक गया.

हैनरी ने मोड़ काटा.

स्पाइडर के भार ने

कार को उलटने नहीं दिया.



विनटन आगे था.

हैनरी ने कार की गति बढ़ाई.

ट्रैक पर कार तेज़ गति से

दौड़ने लगी.

उसकी कार विनटन की कार के

बराबर आ गई.

दोनों कारों ने ट्रैक के पाँच

और चक्कर लगाए.



कारों की रेस का अंतिम

चरण शुरु हुआ.

समापन रेखा दिखाई दे रही थी.

अचानक ट्रैक पर काला धूआँ छा गया.

हैनरी का कुछ दिखाई न दे रहा था.

क्या उसकी कार खराब हो गई थी?

क्या कार का इंजन अधिक


गर्म हो गया था?

क्या सपनों की कार बनाने की

चुनौती समाप्त हो थी?









नहीं.

विनटन की कार खराब हो गई थी.

उसकी कार का पैट्रोल जल रहा था.

अचानक

उसकी कार का इंजन बंद हो गया.

विनटन की कार धीरे-धीरे

रुक गई.


धूल के बादल को चीर कर

हैनरी की कार गरजती हुई

आगे निकल गई.

“यिप्पी!”

वह प्रसन्नता से चिल्लाया.





भीड़ बेकाबू हो गई.

आदमियों ने अपनी टोपियाँ

हवा में उछाल कर फेंक दीं.


दृश्य को अच्छे से देखने के लिए

औरतें अपनी कुर्सियों पर खड़ी हो गईं.

हैनरी ने अपनी पहली कार रेस जीत ली थी.

हैनरी फोर्ड अमरीका का

नया कार रेसिंग चैंपियन बन गया था.



अगले दिन हैनरी की फोटो

और उसका नाम

हर अखबार में प्रकाशित हुआ.

उसने पुरस्कार की राशि जीत ली थी.






उसे क्रिस्टल का सुंदर

पंच बाउल भी मिला था.

मेहमानों को दिखलाने के लिए

क्लारा ने बाउल को एक मेज़ पर

सजा कर रख दिया.





हैनरी ने अपने सपनों की कार बनाई,
उसने इस का नाम रखा मॉडल टी.
कार उसने एक ही रंग की बनाई-
काले रंग की.
मॉडल टी को
चलाना आसान था.
इसकी मरम्मत कराना
भी आसान था.
लोगों को यह कार पसंद आई.
वह इसे टिन लिज़्ज़ी बुलाते.

हैनरी फोर्ड अपनी टिन लिज़्ज़ी
को चला कर नगर में ले आया.
उसे देख कर लोग बहुत
उत्साहित हुए.
औरतों ने हाथ हिलाकर
उसका अभिवादन किया.
आदमियों ने अपनी कारों के
हॉर्न बजाए.
हैनरी प्रसन्न था.
उसने ऐसी कार बनाई थी
जिसे कोई भी खरीद सकता था.






यह एक सच्ची कहानी है.

यह रेस 10 अक्तूबर 1901 के दिन हुई थी.

हैनरी ने पुरस्कार की राशि से फोर्ड मोटर कंपनी बनाई.

हैनरी फोर्ड की मॉडल टी ऐसी कार थी जिसे हर कोई खरीद सकता था.

और लगभग हर किसी ने खरीदा भी.




यह उस रेस की एक फोटो है. हैनरी विनटन से आगे जाने वाला है. अगर ध्यान से देखेंगे तो आपको स्पाइडर कार के रन्निंग बोर्ड पर लटकता दिखाई देगा.